# ई-संदेश

12 जून, 2025 | अंक 157

## सात दिन – सात पृष्ठ



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस पर बच्चों का अन्नप्राशन करते हुए**

- सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री
- समाज के लिए जरूरत के अनुरूप संसाधन और सुविधाएं जुटाना सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री
- डबल इंजन सरकार प्रदेश के किसानों का भविष्य संवारने के लिए निरन्तर प्रयासरत : मुख्यमंत्री
- राष्ट्र नायकों का सम्मान होना चाहिए : मुख्यमंत्री
- दिव्य सन्तों ने समाज को एकता की राह दिखायी : मुख्यमंत्री
- अयोध्या में सरयू महोत्सव की झलकियां
- मुख्यमंत्री ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची नवीन प्रतिमा का अनावरण किया। झलकियां

**नए भारत का नया उत्तर प्रदेश**



# सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

**मु**ख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 05 जून, 2025 को जनपद अयोध्या में राम जी की पैड़ी पर आयोजित 13वें श्री सरयू जयन्ती महोत्सव का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी का स्वागत अंगवस्त्र, मुकुट और गदा देकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सरयू जी की आरती तथा पूजा-अर्चना भी की। उल्लेखनीय है कि श्री सरयू जयंती महोत्सव 05 से 11 जून, 2025 तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश, नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। यह विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की जो रुपरेखा प्रधानमंत्री जी ने तय की थी, वह आज धरातल पर दिखाई दे रही है। राज्य सरकार ने आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दी है तथा अपराध एवं अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। आज प्रदेश दंगा एवं अपराध मुक्त है। नौजवानों को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, व्यापारियों को भय मुक्त वातावरण मिला है। अन्नदाता किसानों के चेहरे पर खुशहाली आयी है। अयोध्या धाम की तर्ज पर उत्तर प्रदेश भी चमकता हुआ दिखाई दे रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि माँ गंगा के कारण ही दुनिया की सबसे उर्वर भूमि उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल एवं झारखण्ड में पायी जाती है। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन प्रयागराज में माँ गंगा के तट पर होता है। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 के जरिए इसका भव्य दर्शन देश और दुनिया ने किया है। हम सभी का दायित्व है कि नदियों को गंदा न होने दें, उन्हें अविरल एवं निर्मल रखें। नदियां देश की आत्मा एवं उसकी धमनियां हैं। नदियां रहेंगी, तो धरती माता रहेंगी। धरती माता रहेगी, तो पर्यावरण रहेगा। पर्यावरण रहेगा, तो जीव-जन्तु की सृष्टि रहेगी। जीव-जन्तु की सृष्टि रहेगी, तो आपदा आपका बाल बांका नहीं कर पाएगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत उन्होंने सरयू जी के तट पर की है। वन विभाग द्वारा वहां पर पीपल, पाकड़, नीम के पौधे लगाने के साथ ही नौ ग्रहों की एक वाटिका स्थापित की जा रही है। हम सभी का दायित्व है कि आज से आगामी 15 अगस्त तक एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाएं। उस पेड़ को माँ की स्मृतियों के साथ जीवित रखने और पर्यावरण को बचाए रखने में अपना योगदान दे। इस वर्ष 35 करोड़ पौधरोपण का अभियान नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने अयोध्या का जिक्र करते हुए माँ सरयू का नाम लिया था। भगवान श्रीराम को माँ सरयू नदी अत्यंत प्रिय थी। माँ सरयू से भगवान श्रीराम का जो संवाद व सम्बन्ध रहा है, वह प्रत्येक व्यक्ति जानता है। सरयू अयोध्या की आत्मा है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इस वर्ष प्रत्येक जनपद के जिलाधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने जनपद में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर एक नदी को पुनर्जीवित करें। उस नदी को गंदगी से बचाना है। सुनिश्चित किया जाना है कि उसमें कोई ड्रेनेज, सीवर एवं मृत जानवर न प्रवाहित हो पाए।


Government of UP
@UPGovt

प्रधानमंत्री श्री @narendramodi जी के यशस्वी मार्गदर्शन एवं #UPCM श्री @myogiadityanath जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा का बेहतरीन माहौल बना है। प्रदेश में विद्यालयों का कायाकल्प करने के साथ ही नए विद्यालयों/कॉलेजों का निर्माण भी किया जा रहा है।

विगत 08 वर्षों में बच्चों को ₹23,177 करोड़ से अधिक की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। साथ ही, उच्च शिक्षारत मेधावी बालिकाओं को स्कूटी, गरीब वर्ग के बच्चों को फ्री में यूनीफॉर्म, बेग और स्टेशनरी प्रदान कर उनके सपनों को नई उड़ान दी गई है।

इसी क्रम में, केन्द्र एवं राज्य स्तरीय बोर्ड परीक्षाओं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है एवं टैबलेट वितरण और खिलाड़ियों को 'मुख्यमंत्री विद्यालयी खेल पुरस्कार' प्रदान किए जा रहे हैं।

Translate post

0:55





# समाज के लिए जरूरत के अनुरूप संसाधन और सुविधाएं जुटाना सरकार की जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने 06जून, 2025 को जनपद गोरखपुर में नगर निगम गोरखपुर के नवसृजित वॉर्ड सूरजकुण्ड में 4.52 करोड़ रुपये की लागत से 35,500 वर्ग फिट में निर्मित कल्याण मण्डपम का लोकार्पण किया। कल्याण मण्डपम में विभिन्न प्रकार के मांगलिक कार्यक्रमों/अनुष्ठानों हेतु वातानुकूलित बड़ा हॉल, किचन, पार्किंग सुविधा, 05 वातानुकूलित सुइट, डॉरमेट्री, शौचालय, मध्यम एवं निम्न वर्ग के लोगों को किफायती दरों पर उच्च कोटि की सुविधाएं, दो कार्यक्रमों/अनुष्ठानों को एक साथ एक समय में ही किए जाने की व्यवस्था होगी। इस कल्याण मण्डपम से नगर निगम के 10 वॉर्ड के 2 लाख से अधिक नागरिक लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम द्वारा 07 कल्याण मण्डपम बनाये जा रहे हैं। इनमें से एक कल्याण मण्डपम का लोकार्पण पहले किया जा चुका है और दूसरे का लोकार्पण आज सम्पन्न हुआ है। 05 कल्याण मण्डपम अभी निर्माणाधीन हैं, जो शीघ्र बनकर तैयार हो जाएंगे। गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है, जिसने यह पहल प्रारम्भ की है। उनकी (मुख्यमंत्री जी) की विधायक निधि की पूरी धनराशि इसी प्रकार के कल्याण मण्डपम में ही दे दी गयी है। यदि कोई व्यक्ति कल्याण मण्डपम में मांगलिक कार्यक्रम करना चाहता है, तो उसे यह मण्डपम 11 हजार रुपये या 25 हजार रुपये में मिल जायेगा। कल्याण मण्डपम में विवाह, सार्वजनिक कार्यक्रम या अन्य कोई कार्यक्रम अच्छे ढंग से सम्पन्न किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरुरत के अनुरुप संसाधन और सुविधाएं जुटाना सरकार की जिम्मेदारी है। नागरिक सुविधाओं को सरल और सहज बनाया जाना चाहिए, जिससे आमजन की समस्या का समाधान सरलता से किया जा सके। जिस गरीब के पास पैसा नहीं है, सरकार उसकी सहायता करती है। गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह हेतु सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत गरीब परिवार की कन्याओं के विवाह हेतु 01 लाख रुपये का प्राविधान किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कल्याण मण्डप में महानगर के किसी भी मोहल्ले का व्यक्ति सार्वजनिक कार्यक्रम करना चाहता है, तो उसे यहां आसान और सुविधाजनक व्यवस्थाएं प्राप्त होंगी। इस कल्याण मण्डपम में पार्किंग की बेहतरीन सुविधा है। नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य नगर निकायों के लिए एक मानक बन सकती है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन स्मार्ट सिटी का है। स्मार्ट सिटी को सेफ सिटी के रुप में विकसित करना है। यह काम नगर निगम का ही नहीं, बल्कि हम सभी की जिम्मेदारी है।






# डबल इंजन सरकार प्रदेश के किसानों का भविष्य संवारने के लिए निरन्तर प्रयासरत : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रदेश के किसानों का भविष्य संवारने के लिए निरन्तर प्रयासरत है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विजन के अनुरुप विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए आज यहां विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। डबल इंजन सरकार ने देश में पहली बार आई0सी0ए0आर0 से जुड़े हुए किसानों व कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ प्राध्यापकों व कृषि वैज्ञानिकों तथा देश में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिकों को किसानों के खेत तक भेजने का काम किया है। लैब टू लैण्ड की यह प्रक्रिया प्रधानमंत्री जी के संकल्प को पूर्ण करते हुए बीज से बाजार तक अन्नदाता किसानों के हित को सर्वोपरि मानते हुए चलाए जाने वाले अभियान का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री जी 08 जून, 2025 को जनता महाविद्यालय, अजीतमल, जनपद औरैया में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने मक्का किसान सम्मेलन में किसानों से संवाद स्थापित किया। प्रगतिशील किसानों का सम्मान किया। किसानों को बीज मिनी किट तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, प्रमाण पत्र तथा स्वीकृति पत्र आदि प्रदान किये। इसके पूर्व उन्होंने कृषि उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन तथा बच्चों का अन्नप्राशन किया। उन्होंने जनता इण्टर कॉलेज परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान की कड़ी में खेती की लागत कम करें, उत्पादन बढ़ाएं, उपज को बाजार तक पहुंचाएं तथा किसानों को उपज का अच्छा दाम दिलवाएं। किसानों को समय पर बीज व तकनीक मिले, जिससे वह अपने जीवन की खुशहाली के माध्यम से प्रदेश और देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। इस प्रकार किसान प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के अभियान को नई ऊंचाई तक पहुंचाने का काम कर सकेगा। यह संकल्प प्रदेश के 20-25 जनपदों में मक्के की खेती के माध्यम से देखने को मिल रहा है।औरैया के किसानों ने प्रधानमंत्री जी के उन्नत कृषि के संकल्प को चरितार्थ किया है

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री जी ने स्वॉयल हेल्थ कार्ड की व्यवस्था प्रारम्भ की थी। उस समय पहली बार अन्नदाता किसान राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना। प्रत्येक किसान को स्वॉयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध करवाया गया। यह अभियान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना के माध्यम से आगे बढ़ता हुआ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से आज भी जारी है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद औरैया विकास के पथ पर अग्रसर है। डबल इंजन सरकार यहां मक्का की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। महापुरुषों के सम्मान का कार्य कर रही है। पहले यहां किसी ने मेडिकल कॉलेज के बारे में नहीं सोचा होगा। अब यहां ढाई सौ करोड़ रुपये की लागत से लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन चुका है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यक्रमों को तेजी के साथ आगे बढ़ा रही है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, वंचित, दलित, पिछड़ा तथा महिला आदि के हितों का संरक्षण करते हुए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज एक नया भारत विरासत और विकास की यात्रा को अनवरत आगे बढ़ाने का काम कर रहा है।



# राष्ट्र नायकों का सम्मान होना चाहिए : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि लगभग 1,000 वर्ष पूर्व महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देकर मिसाल प्रस्तुत की, लेकिन उन्हें इतिहास में जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प के अनुरुप राष्ट्र नायकों के सम्मान के लिए सरकार ने महाराजा सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया है।

मुख्यमंत्री जी 10 जून, 2025 को चित्तौरा, जनपद बहराइच में चक्रवर्ती सम्राट राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव के विजय दिवस पर महाराजा सुहेलदेव स्मारक के लोकार्पण तथा स्मारक परिसर में महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची नवीन प्रतिमा का अनावरण करने के बाद इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 1,243 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें 511.82 करोड़ रुपये लागत की 272 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 731.54 करोड़ रुपये लागत की 112 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत युवा उद्यमियों को हल्दी प्रोसेसिंग हेतु प्रतीकात्मक चेक प्रदान किये तथा बच्चों का सुहेलदेव जी के नाम पर नामकरण एवं अन्नप्राशन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विदेशी आक्रान्ताओं का महिमामण्डन बन्द होना चाहिए और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सरकार विरासत एवं विकास के अभियान को आगे बढ़ाते हुए चित्तौरा में यह कार्यक्रम सम्पन्न कर रही है। यह कार्यक्रम महापुरुषों के प्रति सम्मान की एक अभिव्यक्ति है। बहराइच के मेडिकल कॉलेज का नाम महाराजा सुहेलदेव के नाम पर तथा सम्बन्धित चिकित्सालय का नाम महाराजा सुहेलदेव के गुरु बालार्क ऋषि के नाम पर रखा गया है। प्रदेश सरकार द्वारा जनपद आजमगढ़ में स्थापित राज्य विश्वविद्यालय का नामकरण भी महाराजा सुहेलदेव के नाम पर किया गया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस भव्य स्मारक की स्थापना के साथ ही, लगभग 1,250 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी बहराइचवासियों को प्राप्त हो रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चित्तौरा में अगले वर्ष से तीन दिवसीय भव्य आयोजन महाराजा सुहेलदेव की स्मृति में आयोजित किया जाना चाहिए। महाराजा सुहेलदेव स्मृति न्यास द्वारा प्रकाशित की गयी पत्रिका को लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देकर महाराजा सुहेलदेव के सम्बन्ध में शोध के लिए प्रेरित किया जाए।

एक अच्छी लाइब्रेरी का निर्माण किया जाए, जिससे आने वाले समय में महाराजा सुहेलदेव सहित राष्ट्र नायकों के नाम को इतिहास के पन्नों से गायब करने का दुस्साहस कोई न कर सके। हम सभी को बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर द्वारा संविधान के माध्यम से दिए गए कर्तव्यों की शिक्षा का पालन करते हुए और प्रधानमंत्री जी के संकल्पों को अपने जीवन में अंगीकार करते हुए 'विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना को साकार करना है।






# दिव्य सन्तों ने समाज को एकता की राह दिखायी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेशवासियों को ज्येष्ठ पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि दिव्य सन्तों ने समाज को एकता की राह दिखायी। यह राह हमें सुरक्षा और संरक्षण की गारन्टी प्रदान करती है। हमारे उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। सम और विषम परिस्थितियों में हमें लड़ने की प्रेरणा प्रदान करती है। जब अच्छी सरकार आती है और पूज्य सन्तों का मार्गदर्शन मिलता है, तो सब अच्छा ही अच्छा होता है। अच्छा करने के लिए अच्छी सोच का होना आवश्यक है। डबल इंजन सरकार अच्छी सोच के साथ आम जनमानस के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री जी 11 जून, 2025 को शुकतीर्थ, जनपद मुजफ्फरनगर में सन्त स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास जी महाराज की 65वीं पुण्यतिथि एवं सतगुरु समनदास जी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित विशाल सन्त समागम एवं सत्संग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सन्त रविदास जी ने सामाजिक आडम्बरों और कुरीतियों के प्रति समाज को जागरुक किया। उन्होंने कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा प्रदान की। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। सन्त रविदास जी महाराज का 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' कथन जीवन में आन्तरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की प्रेरणा प्रदान की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सन्त रविदास जी महाराज के गुरु रामानन्द जी महाराज ने कहा था कि 'जाति-पाति पूछे नहीं कोई। हरि को भजै सो हरि का होई।। इस परम्परा के आगे बढ़ने पर सन्त रविदास जी ने कहा था कि 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़ो सब सम बसै, रैदास रहे प्रसन्न'। उन्होंने कहा था कि रविदास तब प्रसन्न रहेगा, जब बिना भेदभाव के सभी को समान अधिकार प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सन्त रविदास जी महाराज की इन बातों का अक्षरशः पालन किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश के 81 करोड़ लोगों को कोरोना कालखण्ड से लेकर अब तक निःशुल्क अन्न वितरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से सन्त रविदास जी महाराज की जन्मभूमि सीरगोवर्धन, काशी को फोर लेन सड़क से जोड़ा गया है। सन्त रविदास जी के आश्रम को भव्य रुप प्रदान करने के साथ-साथ उनकी सुन्दर प्रतिमा स्थापित की गई है। उनके नाम पर एक पार्क का निर्माण भी सम्पन्न हो चुका है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज सन्त स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास जी महाराज की 65वीं पुण्य तिथि मनायी जा रही है। माँ गंगा भारत की सनातन धर्म परम्परा की अविरल और अग्रज धारा है, जो सम और विषम परिस्थितियों में हम सभी के उद्धार का मार्ग प्रशस्त करती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अगली बार जब हम इस आयोजन पर एकत्रित होंगे, तो सतगुरु रविदास मिशन से जुड़े हुए श्रीसतगुरु समनदास जी महाराज के पावन आश्रम के सामने भी सतगुरु रविदास और पूज्य समनदास जी महाराज की स्मृति में घाट का निर्माण पूर्ण कर चुके होंगे। यहां की सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। यहां के सौन्दर्यीकरण के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। सत्संग सभागार की स्थापना का कार्य भी किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में श्रद्धालुओं को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े।



# अयोध्या में सरयू महोत्सव की झलकियां








# मुख्यमंत्री ने बहराइच में महाराजा सुहेलदेव की 40 फीट ऊंची नवीन प्रतिमा का अनावरण किया। झलकियां







सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के लिए निदेशक श्री विशाल सिंह, आईएएस द्वारा प्रकाशित